Roll No. ....................

# 1202

## कक्षा 12वीं अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2024-25

[051]

## HINDI

## हिन्दी

[Total No. of Questions: 23]

[Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours]

[Maximum Marks: 80]

*निर्देश –*

*(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।*

*(iii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उप–प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित हैं।*

*(iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक कुल 10 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।*

*(v) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।*

*(vi) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।*

*(vii) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

प्र.1 निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए – (1×6=6)

(i) धूत कहौ अवधूत कहौ........................................किसकी पंक्तियाँ हैं?

(अ) उमाशंकर जोशी (ब) तुलसीदास

(स) रघुवीर सहाय (द) फिराक गोरखपुरी

(ii) चित्त की उत्तेजना वृत्ति से संबंध होता है –

(अ) माधुर्य गुण का (ब) प्रसाद गुण का

(स) ओज गुण का (द) किसी का नहीं

(iii) कवि कालिदास ने शिरीष के फूल को माना है –

(अ) कठोर (ब) कोमल

(स) मजबूत (द) लँडूरा

(iv) 'नाभिक' है एक –

(अ) विदेशी शब्द (ब) क्षेत्रीय शब्द

(स) तत्सम शब्द (द) तकनीकी शब्द

(v) मराठी भाषा में लिखी 'जूझ' कहानी का हिन्दी अनुवाद किया है –

(अ) ओम थानवी ने (ब) केशव प्रथम वीर ने

(स) श्याम मनोहर जोशी ने (द) ऐन फ्रेंक ने

(vi) रेडियो नाटक में नहीं होते हैं –

(अ) दृश्य (ब) ध्वनि

(स) पात्र (द) संवाद

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (1×6=6)

(i) काली सिल पर लाल.............................................पीसी गई थी। (पत्ती, केसर)

(ii) माधुर्य गुण में.............................................वर्णों की प्रधानता होती है। (कठोर, कोमल)

(iii) लुट्टन के माता–पिता उसे.............................................की उम्र में ही अनाथ कर गए थे।

(पाँच वर्ष, नौ वर्ष)

(iv) .............................शब्द अंग्रेजी भाषा के 'Paragraph' शब्द का हिन्दी पर्याय है।

(संक्षेपण, अनुच्छेद)

(v) मुअनजोदड़ों में लगभग.............................................कुँए थे। (पाँच सौ, सात सौ)

(vi) संवाद लिखते समय.............................................गायब हो जाता है। (कवि, लेखक)

प्र.3 निम्नलिखित कथनों के समक्ष 'सत्य' या 'असत्य' लिखिए – (1×6=6

(i) सीधी सी बात छन्दों के चक्कर में फंस गई।

(ii) दुर्मिल सवैया का दूसरा नाम 'चंद्रकला' भी है।

(iii) 'पर्चेज़िंग पावर' का अर्थ क्रय शक्ति होता है।

(iv) शब्दों के सार्थक समूह को वाक्य नहीं कहते हैं।

(v) यशोधर बाबू पुराने रीति–रिवाज़ों को पसंद नहीं करते थे।

(vi) कहानी का केंद्रीय बिंदु कथानक होता है।

प्र.4 सही जोड़ी मिलाइए – (1X7=7)

| | (क) | | (ख) |
|---|---|---|---|
| (i) | बिहारी सतसई | (क) | प्रयोगवादी |
| (ii) | पतंग | (ख) | जोड़ा |
| (iii) | इंदर सेना | (ग) | मुक्तक काव्य |
| (iv) | शमशेर बहादुर सिंह | (घ) | उल्टा पिरामिड शैली |
| (v) | शब्द युग्म | (ङ) | मेढक मण्डली |
| (vi) | सिल्वर वैडिंग | (च) | मनोहर श्याम जोशी |
| (vii) | समाचार लेखन | (छ) | आलोक धन्वा |

प्र.5 एक शब्द/वाक्य में उत्तर लिखिए – (1X7=7)

(i) 'सरोज स्मृति' नामक रचना किस कवि की है?

(ii) जिस काव्य के छंदों का पूर्वापर सम्बन्ध न हो, उसे क्या कहते हैं?

(iii) दूरदर्शन कार्यक्रम–संचालक अपाहिज से किस प्रकार के प्रश्न पूछता है?

(iv) खड़ी बोली का पहला महाकाव्य कौनसा है?

(v) किशन दा का वास्तविक नाम क्या था?

(vi) भक्तिन के ससुराल के गाँव का नाम बताइए।

(vii) भारत की पहली 'वेबसाइट' कौनसी है?

प्र.6 रीतिकाल को 'श्रृंगार काल' क्यों कहा गया है? (2)

अथवा

नई कविता की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

प्र.7 उषा कविता में कवि ने 'भोर के नभ' की तुलना किससे की है? (2)

अथवा

'भाषा को सहूलियत' से बरतने से क्या अभिप्राय है?

प्र.8 विरोधाभास अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

अथवा

रस के प्रमुख अंग कौन–कौन से हैं?

प्र.9 'काव्य गुण' कितने प्रकार के होते हैं? प्रत्येक को परिभाषित कीजिए। (2)

**अथवा**

भ्रांतिमान अलंकार को उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.10 रेखाचित्र किसे कहते हैं? कोई दो रेखाचित्रों के नाम लिखो। (2)

**अथवा**

हिन्दी में 'नाटक सम्राट' किसे कहते हैं? उनके दो नाटकों के नाम लिखिए।

प्र.11 ढोलक की आवाज का पूरे गाँव पर क्या असर होता था? (2)

**अथवा**

'बाजारूपन' से लेखक का क्या आशय है?

प्र.12 कहानी में भाषा–शैली का क्या महत्त्व होता है? (2)

**अथवा**

निपात शब्द किसे कहते हैं? कोई दो निपात शब्द लिखिए।

प्र.13 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए – (2)

(i) प्लेट में बच्चे को रखकर खाना खिलाओ।

(ii) आपको आदरपूर्वक प्रणाम है।

**अथवा**

निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए –

(i) बहती गंगा में हाथ धोना

(ii) चिकनी–चुपड़ी बातें करना

प्र.14 स्वयं कविता रचलेने का आत्मविश्वास लेखक के मन में कैसे पैदा हुआ? (2)

**अथवा**

सिन्धु सभ्यता में सामूहिक स्नान के अनुष्ठान के लिए क्या व्यवस्था थी?

प्र.15 कविता का शाब्दिक अर्थ क्या होता है? (2)

**अथवा**

आधुनिक संचार माध्यमों में सबसे पुराना संचार माध्यम कौनसा है?

प्र.16 हरिवंशराय बच्चन <u>अथवा</u> सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जी का काव्यगत परिचय निम्नांकित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (3)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भावपक्ष–कलापक्ष

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.17 हजारी प्रसाद द्विवेदी <u>अथवा</u> महादेवी वर्मा जी का साहित्यिक परिचय निम्नांकित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (3)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा–शैली

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.18 भाव पल्लवन कीजिए – (3)

"मन के हारे हार है मन के जीते जीत"

<u>अथवा</u>

संक्षेपण किसे कहते हैं? इसमें ध्यान रखने योग्य बातें कौन–कौनसी हैं?

प्र.19 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (3)

विद्यार्थी–जीवन को मानव–जीवन की रीढ़ की हड्डी कहा जाता है। इस काल में जो संस्कार पड़ जाते हैं, वह जीवन भर अमिट रहते हैं। इसीलिए इसे मानव जीवन की आधार शिला कहा गया है। सभ्य नागरिक बनने के लिए जिन गुणों की आवश्यकता होती है, उसका निर्माण इसी काल में होता है। वह धैर्य, साहस, ईमानदारी, लगनशीलता, गुरुभक्ति जैसे गुणों को धारण करता है। विद्यार्थी जीवन नियमबद्ध और अनुशासित रहता है।

प्रश्न –

(1) प्रस्तुत गद्यांश में रीढ़ की हड्डी किसे कहा गया है?

(2) सभ्य नागरिक बनने के लिए कौन–कौन से गुण होना चाहिए?

(3) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

अथवा

निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

हंस उठते पल में आद्र नयन,

घुल जाता होठों में विषाद,

लुट जाता चिर संचित विराग,

आँखें देती सर्वस्व वार।

प्रश्न –

(1) उपर्युक्त काव्यांश में कौनसा रस है?

(2) नायिका के नयन आद्र क्यों हैं?

(3) नायिका किस पर अपना सर्वस्व न्यौछावर करने को प्रस्तुत है?

प्र.20 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए –

तव प्रताप उर राखि प्रभुजैहउँ नाथ तुरंत।

अस कहि आयुस पाई पद वंदि चलेउ हनुमंत।।

भरत वाहुवल सील गुन प्रभु पद प्रीति अपार।

मन महुँ जात सराहत पुनि–पुनि पवन कुमार।।

अथवा

आंगन में लिए चांद के टुकडे को खड़ी

हाथों में झुलाती है उसे गोद–भरी,

रह–रह के हवा में जो लोका देती है

गूँज उठती है खिलखिलाते बच्चे की हँसी।

प्र.21 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए – (4)

पैसा पावर है, पर उसके सबूत में आस–पास माल–टाल न जमा हो तो क्या वह खाक पावर है। पैसे को देखने के लिए बैंक–हिसाब देखिए, पर माल–असबाब, मकान–कोठी तो अनदेखे भी दिखते हैं। पैसे की उस 'पर्चेज़िंग पावर' के प्रयोग में ही पावर का रस है।

**अथवा**

बस एक बात मेरे समझ में नहीं आती थी कि जब चारों ओर पानी की इतनी कमी है तो लोग घर में इतनी कठिनाई से इकट्ठा करके रखा हुआ पानी बाल्टी भर–भर कर इन पर क्यों फेंकते हैं? कैसी निर्मम बरबादी है पानी की। देश की कितनी क्षति होती है इस तरह के अंधविश्वासों से।

प्र.22 अपने पिताजी को पत्र लिखिए, जिसमें उन्हें उनके स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने का उल्लेख हो। (4)

**अथवा**

उत्तर पुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन हेतु सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र., भोपाल को आवेदन पत्र लिखिए।

प्र.23 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए – (4)

(i) राष्ट्र निर्माण में छात्रों का योगदान

(ii) नारी तू नारायणी

(iii) शिक्षित बेरोजगारी की समस्या

(iv) अंतरिक्ष की ओर भारत के बढ़ते कदम

(v) भ्रष्टाचार : समस्या और निदान

---